**महापर्व** महाशिवरात्रि पूर्व नर्मदांचल विद्यापीठ में देखने को मिला भक्ति और संस्कृति का संगम, आज शहपुरा, अमरपुर, डिण्डौरी उमरिया के विभिन्न क्षेत्रों में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

# शिव तांडव व ऊं नम : शिवाय' के मंत्रोच्चार से गूंजा परिसर







**शहपुरा, नवभारत।** बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ में महाशिवरात्रि के पूर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण देखने को मिला जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने मिलकर इस पावन अवसर को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। बच्चों ने पूरे श्रद्धाभाव से भगवान शिव का जलाभिषेक कर शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ऊं नम: शिवाय' के मंत्रोच्चार और भजनों से पूरा परिसर गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृखंला में विद्यार्थियों ने शिव तांडव, भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को महाशिवरात्रि के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराते हुए भगवान शिव के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

### फॉरेस्ट ऑफिस शिव मंदिर में होगा शिव विवाह

चिल्हारी, उमरिया। मानपुर में रविवार भगवान भोलेनाथ की बरात बड़े धूमधाम से बाजेगाजे के साथ निकली जाएगी खंड पार्थेश्वर महादेव विवाह उत्सव समिति मानपुर के सदस्य बसन्त नामदेव के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि समिति द्वारा रविवार को महादेव की बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात का आयोजन दोपहर 3 बजे से फॉरेस्ट ऑफिस शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होगा।

इस बारात में ढोल नगाड़े और डीजे की धुन पर महादेव की बारात नगर के बस स्टैंड मुख्य बाजार से होते हुए नगर के हृदय स्थल, पुरानी बजार रामलीला मैदान पर स्थित काली मंदिर पहुंचेगी जहां पर शिव विवाह का आयोजन होगा और महा आरती होगी। जिसका समापन रात्रि 8 बजे महाप्रसाद के वितरण से होगा। समिति के प्रमुख सदस्य लाला यादव, अनिरुद्ध गुप्ता, बबलू शुक्ला, विकाश शुक्ला, शालू गुप्ता, बसंत नामदेव, शिवम यादव, अनीश विश्वकर्मा, शिवम् नामदेव व दुर्गेश कुशवाहा ने सभी भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### चिल्हारी में होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान

शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम चिल्हारी के गुप्ता मोहल्ला मेन बाजार रोड 'शिव मंदिर' में भोले बाबा की शाम 4 बजे से बारात निकाली जाएगी। बारात शाम 4 बजे से शिव मंदिर गुप्ता मोहल्ला से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर बस स्टैंड से मेन बाजार होते हुए मनपुरिया सेठ की दुकान तक कुशवाहा मोहल्ला चौराहे से पुन: शिव मंदिर पहुंचेगी। उसके पश्चात शिव पार्वती विवाह जयमाला, महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। सभी भक्तों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### कोटरी में निकलेगी औघड़दानी की बारात

**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम कोटरी में इस वर्ष भी अमरपुर क्षेत्र के ग्राम कोटरी में श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन कर महाशिवरात्रि पर भंडारा के साथ संगीतमय आर्केस्ट्रा के माध्यम से भोले बाबा की बारात निकाली जाएगी। बताया जाता है की ग्राम कोटरी के शिवभक्त, तेजभाज सिंह के तत्वावधान में इस वर्ष भी महाशिवरात्री पर संगीतमय मानस एवं भक्तिमय कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।


## अमोलखोह आश्रम में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री विष्णु महापुराण का होगा आयोजन

**शहपुरा।** उमरिया एवं डिंडौरी जिले की सीमा पर स्थित अमोलेश्वरधाम अमोलखोह आश्रम में शिव रात्रि के अवसर पर श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री विष्णु महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि यहां शिवरात्रि पर कैलाश गुफा में स्थित प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मेले का आनंद लेते हैं। शिवरात्रि के अवसर पर यहां प्रतिवर्ष अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पंचदशनाम जूना अखाड़ा के संगठन महामंत्री एवं अमोलेश्वरधाम आश्रम के पीठाधीश्वर भगतगिरी बच्चू बाबा महाराज ने बताया कि इस वर्ष अमोलेश्वरधाम अमोलखोह आश्रम में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री विष्णु महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत बीते 9 से हो चुकी है।

शिवरात्रि पर यहां भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन, ध्वजारोहण, यज्ञ पूर्णाहुति तथा भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। साथ ही विशाल भंडारा के साथ दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में इस वर्ष भी दूर-दूर से लाखों की संख्या में लोगों के मेले में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।



## बारातियों से भरी पिकअप पलटी, गंभीर घायल रेफर

**नवभारत, उमरिया।** जिले में देर रात चंदिया स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास बारातियों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, बताया जाता है कि वाहन पलटने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए चंदिया अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उमरिया रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### कार और टैक्सी की टक्कर में 10 घायल

वहीं एक दूसरी घटना में जिला मुख्यालय से होकर ताला की ओर जाने वाले स्टेट हाईवे में सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास शुक्रवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ है। बताया गया है कि आर्टिका कार क्रमांक एमपी 54 ई 7435 और ऑटो टैक्सी के बीच सीधी टक्कर होने से 10 लोग घायल हुए हैं, घायल लीला बाई और सुभरन सिंह ने बताया कि वे लोग ग्राम बरतराई से चंदिया थाना अंतर्गत मझौली जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया, टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किया, सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई हैं वहीं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी ने बताया कि दुर्घटना में 10 लोग घायल हुए थे जिनमें से 2 लोगों की ज्यादा हालत गंभीर होने से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है।

### युवक भी हुआ दुर्घटना का शिकार

एक अन्य घटना में अमहा रेलवे पुल के पास भी एक युवक दुर्घटना का शिकार हुआ, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी हादसे देर रात के बताए जा रहे हैं।

## युवाओं में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं शैक्षणिक यात्राएं

**शासकीय महाविद्यालय करंजिया के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु हरी झंडी**

**करंजिया, डिंडोरी, नवभारत।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया के विद्यार्थियों को शनिवार सुबह 7 बजे शैक्षणिक भ्रमण हेतु मंडला के लिए रवाना किया गया। महाविद्यालय परिसर से बस को विधिवत हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष गजेन्द्र कर्चाम तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार मोंगरे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रवाना होने से पूर्व अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष अनुभव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मंडला के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं




शैक्षणिक स्थलों के भ्रमण से विद्यार्थियों को क्षेत्रीय इतिहास, समाज एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बेहतर समझ प्राप्त होगी। जनभागीदारी अध्यक्ष गजेन्द्र कर्चाम ने छात्रों से अनुशासन बनाए रखने तथा महाविद्यालय की गरिमा को ध्यान में रखते हुए यात्रा करने की अपील की। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार मोंगरे ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएँ युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना को विकसित करती हैं।

**प्राचार्य के नेतृत्व में सुचारु व्यवस्थाएं**-कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य दुर्गा सिंह भवेदी के नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की उपस्थिति, यात्रा सूची, सुरक्षा निर्देश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं स्टाफ भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

**उत्साहपूर्ण माहौल में यात्रा प्रारंभ**-विद्यार्थियों में भ्रमण को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। सुबह से ही छात्र-छात्राएँ निर्धारित समय पर महाविद्यालय परिसर में एकत्रित हो गए थे। हरी झंडी दिखाए जाने के बाद उत्साहपूर्ण वातावरण में बस मंडला के लिए रवाना हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता, अनुशासन एवं टीमवर्क का भी अनुभव प्राप्त होगा।

## पैंगोलिन की तस्करी मामले में अब तक 17 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, उमरिया।** जिले में दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन की तस्करी और शिकार के खिलाफ वन विभाग ने संगठित कार्रवाई करते हुए अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। अब तक 9 जिलों से 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालिया कार्रवाई में पांच आरोपियों को एक जीवित पैंगोलिन के साथ पकड़ा गया। इससे पूर्व शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, मंडला, जबलपुर और डिंडोरी सहित विभिन्न जिलों से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

बता दें कि 27 अक्टूबर 25 को जैतपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम जरवाही के पास से 1.643 किलोग्राम पैंगोलिन स्केल्स के साथ दो आरोपियों को पकड़ा गया था।



पूछताछ के आधार पर अलग-अलग जिलों में दबिश देकर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वन विभाग की इस सख्त कार्रवाई से अंतरजिला वन्यजीव तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है।



## मानपुर में चिकित्सीय मूल्यांकन उपरांत बांटे उपकरण

**चिल्हारी, उमरिया।** बीते दिवस जिला शिक्षा केंद्र उमरिया के आदेशानुसार चिकित्सीय मूल्यांकन चिंहांकन उपरांत उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र मानपुर में किया गया। जिसमें 29 बच्चों के लिए उपकरण एलिम्को जबलपुर द्वारा चयन किया गया था। इन सभी बच्चों को बीते दिवस बीआरसी भवन मानपुर में उपकरणों का वितरण किया गया। इसके साथ ही बच्चों के उपकरण उपयोग पर भी अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी गई ।

## अब गांव में ही समग्र सेवाएं उपलब्ध होने से समय और खर्च की होगी बचत

**मेहंदवानी में विशेष आधार शिविर का आयोजन**

**मेंहदवानी, शहपुरा, डिण्डौरी, नवभारत।** विगत दिवस मेहंदवानी (आकांक्षी विकासखंड) में 'संपूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत विशेष आधार शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा शत-प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करना रहा।

शिविर के दौरान ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में उल्लेखनीय उत्साह देखा गया। बड़ी




संख्या में बच्चों के नए आधार नामांकन किए गए, जिससे वे स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही अनेक हितग्राहियों के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए, जिससे उन्हें डिजिटल सेवाओं, ओटीपी आधारित सत्यापन तथा केंद्रों में फेस कैप्चर संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायता मिलेगी एवं आधार से जुड़ी सुविधाओं तक उनकी आसान पहुँच सुनिश्चित हो सकेगी। शासन की विभिन्न योजनाओं में पात्रता सुनिश्चित करने हेतु नागरिकों का आधार पोर्टल पर ई-केवाईसी भी सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि आकांक्षी विकासखंड के रूप में निर्धारित विकास मानकों की शत-प्रतिशत संतृप्ति प्रशासन की प्राथमिकता है। 'संपूर्णता अभियान 2.0' के माध्यम से दस्तावेजों की कमी जैसी बुनियादी बाधाओं को दूर कर हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में ही आधार एवं समग्र सेवाएं उपलब्ध होने से उनके समय और व्यय दोनों की बचत हुई है।

## निर्धारित डेसिबल एवं तय समय तक डीजे बजाने के सख्त निर्देश

**एसडीएम की अध्यक्षता में डीजे संचालकों की हुई बैठक**

**चिल्हारी, उमरिया।** विगत दिनों नवभारत में प्रकाशित खबर को प्रमुखता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षाएं के मद्देनजर परीक्षा में विद्यार्थियो को अध्यापन के कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं हो, इसके लिए कलेक्टर धरणेन्द्र जैन के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में डीजे संचालकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ ने कहा कि डीजे संचालक निर्धारित डेसीबल एवं तय सीमा के अंदर ही डीजे बजाएं। अवधि के पश्चात डीजे बजना पाया जाता है तो, संबंधित डीजे संचालक के विरूध्द जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एस डीओपी, पुलिस पुन्नूलाल सिंह, एसएलआर सतीश सोनी, तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी सहित बड़ी संख्या में डीजे संचालक उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में क्रेता-विक्रेता बैठक आयोजित




**डिण्डौरी, नवभारत।** बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया के जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, डिंडोरी में शनिवार के दिन क्रेता-विक्रेता बैठक का सफल आयोजन किया गया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, मंडी व्यापारियों से उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें डायरेक्ट मार्केट से जोड़ना था ।बैठक में मंडी के व्यापारियों और किसानों के बीच खुली चर्चा हुई, जहां किसानों ने अपनी फसलों की बिक्री में आने वाली चुनौतियों, मूल्य निर्धारण, परिवहन और गुणवत्ता संबंधी मुद्दों को रखा। व्यापारियों ने भी अपनी मांगें और सुझाव साझा किए, जिससे दोनों पक्षों के बीच बेहतर समझ विकसित हुई। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को क्लाइमेट रेसिलिएंट (जलवायु अनुकूल) बीज, तकनीक और बाजार लिंकेज प्रदान करने पर जोर दिया गया।


कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. केके देशमुख, जबलपुर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पंकज कुमार, आत्मा परियोजना सहायक संचालक नेहा धुरिया, मंडी सहायक सचिव प्रीति झारिया, सहायक कृषि अभियंता पामेश भगत, संचालक वैज्ञानिक डॉ. पी.एल. अम्बुलकर, तकनीकी अधिकारी चंदन कुमार, मनीष भारद्वाज सहित प्रतिनिधियों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए अनुकूल कृषि पद्धतियों पर प्रकाश डाला। बैठक में किसान कल्याण वर्ष 2026 के संदर्भ में भी चर्चा हुई, जो मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है। प्रतिभागी किसानों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें सीधे खरीदारों से जुड़ने का मौका मिला, जो उनकी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 से होगी गिद्धों की गणना

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 फरवरी से गिद्धों की गणना की जाएगी, इसके लिए पार्क प्रबंधन द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह गिद्ध गणना का आयोजन 20 से 22 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा गिद्धों की पहचान, प्रजाति, वर्गीकरण और गणना की वैज्ञानिक पद्धति की जानकारी प्रदान की जाएगी। बता दें कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पहाड़ियों और दुर्गम वन क्षेत्रों में विभिन्न प्रजातियों के गिद्ध बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद, निर्धारित तिथियों में अलग-अलग बीटों और पहाड़ी क्षेत्रों में टीमें तैनात की जाएंगी। वन अधिकारियों का मानना है कि गिद्धों की संख्या और उनकी प्रजातियों का सही आंकलन उनकी संरक्षण स्थिति की निगरानी और भविष्य की संरक्षण रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मानकों को दरकिनार कर बिना तकनीकी निगरानी चल रहा काम

**ग्राम पंचायत डोभी में निर्मल नीर कुआं निर्माण में अनियमितता का आरोप**



**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोभी में निर्मल नीर योजना के तहत बनाए जा रहे कुएं के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है और निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं हो रहा है।

बताया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर किसी भी तकनीकी इंजीनियर की मौजूदगी नहीं है, जबकि नियमों के अनुसार ऐसे कार्यों की निगरानी तकनीकी अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। इसके अलावा कंक्रीट ढलाई के दौरान वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### ग्रामीणों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुएं की ढलाई तय अनुपात (रेशियो) के अनुसार नहीं की जा रही है और निर्माण सामग्री भी अत्यंत घटिया स्तर की है। रेत में मिट्टी और कचरा मिला होने के बावजूद उसका उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में निर्माण के कमजोर होने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो सरकारी राशि का दुरुपयोग होने के साथ-साथ योजना का उद्देश्य भी विफल हो जाएगा। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।